हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 7 जून 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

13 बाढ़ आपदा से बचाव के लिए शिवरीनारायण में मॉकड्रिल
14 नगर में शुरू हुई आचारी आम की बिक्री







शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू कक्षा 12वीं 97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई
सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन
भौतिक शास्त्र 100 अंक
जीवविज्ञान 100 अंक
रसायन शास्त्र 97 अंक
हिन्दी 96 अंक
अंग्रेजी 92 अंक
प्रिंसी वर्मा 97% | सतीश रॉय 96.3% | वसुंधरा 96.1% | तुषार 95.3% | तनु साहू 94.6% | हिमानी 94.5% | मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% | सायरा चतुर्वेदी 91.8% | कृषिका फेकर 91% | पायल साहू 91% | वंदना देवांगन 90.8% | कनिष्का यादव 90.8% | माही सोनी 90.3%
निःशुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप

### पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगा 2 लाख का दुर्घटना बीमा

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन हुआ है तथा जिनकी मृत्यु एवं दिव्यांगता किसी दुर्घटना के दौरान हुई है उन्हें सुरक्षा बीमा का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाता है। ई -श्रम पोर्टल में पंजीयन हेतु 30 जून तक वृद्धि की गई है।

इस संबंध में श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना में मृत्यु अथवा दोनों आखों, दोनों हाथ अथवा पैरों की पूर्ण रूप से अपूरणीय क्षति, एक हाथ और एक पैर तथा एक आंख और एक हाथ अथवा एक पैर की पूर्ण रूप से अपुरणीय क्षति हो श्रम विभाग में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त श्रम कार्ड पर 2 लाख दिया जाता है। इसके अलावा पूर्ण रूप से एक आंख की अपूरणीय क्षति और पूर्णरूप से एक हाथ अथवा एक पैर की अपूरणीय क्षति होने पर 1 लाख दिया जाता है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि यदि 30 जून के पूर्व से जिनका पंजीयन है और उक्तानुसार दुर्घटना हुई हो तो श्रम विभाग में जाकर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रथम सूचना रिपोर्ट पोस्ट मार्टम रिपोर्ट, सक्षम न्यायालय द्वारा जारी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र, उत्ताराधिकारी का बैंक खाता के साथ आवेदन कर सकते है।

### सुपरवाइजर की बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मौलीमुड़ा से एक सुपरवाइजर की बाइक चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि वह एनएच रोड कार्य में सुपरवाईजर के पद पर काम करता हैं और वर्तमान में ग्राम मौलीमुडा में किराये के मकान में रहता है। 5 जून को उसने अपनी बाइक सीजी 06 जीएच 5101 को रात्रि 2.30 बजे संतोष चंद्राकर के किराये के मकान के सामने मेन रोड ग्राम मौलीमुडा में खड़ी किया था, सुबह 5 बजे उठकर देखा तो बाइक वहां नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### फार्म एंड रिसर्च सेंटर से 20 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सिंघौरी स्थित फार्म एंड रिसर्च सेंटर से 20 हजार रुपए के सामान की चोरी हो गई। पटेवा पुलिस को प्रार्थी पंकज पिता ओम प्रकाश वस्त्राकर ग्राम चौकबेड़ा ने बताया कि वह बालाजी फार्म एंड रिसर्च सेंटर ग्राम सिंघौरी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हूं। 26 मई को शाम 5:30 बजे छुट्टी होने के बाद ऑफिस के क्वाटर में चला गया, उसके बाद रात को अगेश्वर पिता मुनिचंद मांझी और धनेश पिता जीवनलाल यादव नाईट ड्यूटी पर थे। 30 मई की दोपहर 3:30 बजे हरेंद्र पिता हिम्मत ध्रुव दाना बनाने के लिए ग्लैंडर मशीन को लाने गया तब उसने चिक्स कैच सेड पर जाकर देखा तो वहां ग्लेंडर मशीन 1 नग, वाशिंग स्प्रे 3 एचपी 1 नग, 3 कोर 2.5 एमएम के 400 फीट केबल, स्प्रे पाईप 250 फीट लंबा, बोल्टिंग मशीन 1 नग समान कुल कीमत 20000 रुपए वहां पर मौजूद नहीं थे, उक्त सभी सामान को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया।

## निर्णय : युक्तियुक्तकरण से सभी मिडिल स्कूलों में न्यूनतम 3 शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई

# 7 शिक्षकविहीन व 78 एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार क्रो शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के सबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रेस वार्ता ली। उन्होंने जिले में संपन्न हुए शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण की प्रकिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गई है। प्रक्रिया से शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होने के साथ शिक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। युक्तियुक्तकरण के तहत किसी भी स्कूल क्रो बंद नहीं किया गया हैं, केवल मर्ज किया किया गया है। शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय प्राथमिक व मिडिल स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। शालाओं में पहली बार दो शिक्षकों की व्यवस्था हुई है एवं जिले में कोई भी शाला शिक्षकविहीन नहीं है। जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में न्यूनतम 3 शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार व्याख्याताओं की व्यवस्था हुई है।

### काउंसिलिंग में सभी दिशा निर्देशा का पालन

कॉउंसिलिंग हेतु राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन किया गया। युक्तियुक्तकरण की प्रकिया में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा सभी अतिशेष शिक्षकों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है। युक्तियुक्तकरण से जिले में 3 शालाओं का समायोजन किया जा रहा है, जिनमे छात्रों की संख्या बहुत कम है। अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की जा रही है




### स्कूलें बंद नहीं समायोजन हुआ : कलेक्टर

कलेक्टर बताया कि जिले के 3 शिक्षकविहीन प्राथमिक स्कूल एवं 4 मिडिल स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है। 65 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला एवं 13 एकल शिक्षकीय मिडिल स्कूल अब एकल शिक्षकीय से मुक्त हो गये हैं। युक्तियुक्तकरण से छात्र शिक्षक अनुपात में कोई बदलाव नहीं आया है। साथ ही किसी शिक्षक की सेवा या पद की समाप्ति नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के एक ही परिसर में संचालित विभिन्न स्तर के शालाओं के समायोजन के उपरांत प्राथमिक शालाओं में 383 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 60 शिक्षक अतिशेष रहे, जिनकी विभिन्न चरणों में आयोजित कॉउंसिलिंग के माध्यम से नई पदस्थापना की गई है।

### शिक्षकविहीन व एकल शिक्षकीय शाला से शिक्षक पदस्थ

**बलौदाबाजार।** शिक्षा व्यवस्था क्रो बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से जिले में शिक्षकविहीन व एकल शिक्षकीय शाला अब नहीं रहे। सभी स्कूलों में शिक्षकों की आवश्यकता अनुसार पदस्थापना हुई है, जिसका फायदा दूरस्थ क्षेत्र में स्थित स्कूलों, विद्यार्थियों और पालकों क्रो मिलेगा। जानकारी के अनुसार मिडिल स्कूल बैजनाथ खपरी, पुरैना खपरी एवं हरदी उन्नयन पश्चात 2 वर्षों से शिक्षकविहीन थे, जिसमें में 3-3 शिक्षकों की पदस्थापना हुई। कसडोल विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्रों के एकल शिक्षकीय प्राथमिक विद्यालय औराई, डाढाखार, भिम्भोरी, बफरा, फुरफुंदी, मानदीप, तालदादर, देवरुंग, गोलाझर, बरपानी, बकला, अचानकपुर, हरदी, चन्हाट, सरायपाली तथा भाटापारा विकासखंड के रमदैया, चांदली में दर्ज संख्या के आधार पर 1-1 अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार उन्नयन पश्चात 5 वर्षों से एकल शिक्षकीय हाई स्कूल देवगांव, बड़गांव एवं मरदा में 2 से 3 व्याख्याताओं का पदांकन किया गया है।

## युक्तियुक्तकरण रोजगार और शिक्षा विरोधी : कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कांग्रेस शिक्षा न्याय यात्रा से विसंगति के लिए बीईओ और डीईओ कार्यालय का घेराव करेगी

जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, जनकराम वर्मा, हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू की विशेष उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सुबोध हरितवाल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुआ कहा कि युक्तियुक्तकरण से सरकार 10463 विद्यालय को बंद करने का प्रस्ताव, 45000 शिक्षक से अधिक पद समाप्त होने जा रहे हैं। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी है। नए शिक्षकों की भर्ती न करना पड़े इसलिए भाजपा सरकार युक्तियुक्तकरणका का कार्य कर रही है। सरकार के इस फैसले का कांग्रेस ने विरोध करने का फैसला किया है। युक्तियुक्तकरण से बंद होने जा रहे स्कूलों के रसोइयों अन्य कर्मी हजारों की संख्या में बेरोजगार होने जा रहे हैं। भाजपा पूर्व में पंद्रह साल तक एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं की, अब युक्तियुक्तकरण के माध्यम से स्कूल बंद कर, शिक्षकों को बेरोजगार कर शिक्षा के क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण की माध्यम विकास नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ को धोखा दे रही है। भाजपा सरकार में बैठे मुख्यमंत्री, मंत्री और नेताओं को जनता को स्पष्टीकरण देना चाहिए। प्रदेशभर में युक्तिकरण का विरोध कर रहे छात्रों शिक्षकों को सरकार द्वारा धमकी देकर विरोध को दबाया जा रहा जो निंदनीय है। विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आएगी। पूरे प्रदेश में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर कांग्रेसजन शिक्षा न्याय यात्रा के माध्यम से जनता को युक्तियुक्तकरण के विसंगति से अवगत कराते हुए पद यात्रा कर बीओ, डीओ कार्यालय का घेराव कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। उक्त अवसर पर प्रभाकर मिश्रा, संतोष यादव गणेश शंकर साहू,प्रवीण सेन, अजय भारती, जीतू नवरत्न, जय सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## चेतावनी संकेतक नहीं एप्रोज रोड के अभाव में हो रही दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- पुलिया का निर्माण अधूरा, इसके दोनों ओर एप्रोच रोड का अभाव

बलौदा बाजार-संडी से तिल्दा शहर को जोड़ने वाला मुख्य पक्का सड़क मार्ग इन दिनों क्षेत्रवासियों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इस मार्ग पर स्थित एक खतरनाक पुलिया पिछले कई वर्षों से दुर्घटनाओं का कारण बना है।

पुलिया की निर्माण अधूरा है और इसके दोनों ओर एप्रोच रोड का अभाव है, जिससे तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहन चालक अचानक असंतुलित हो जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। यह पुलिया खासकर दोपहिया वाहनों के लिए बेहद खतरनाक बन गया है। इसके दोनों ओर मिट्टी व ऊबड़-खाबड़ सतह है, तेज गति में चल रही गाड़ियां जब अचानक इस पुलिया पर पहुंचती हैं, तो ड्राइवर को स्थिति समझ नहीं आती और कई बार संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। यह पुलिया न केवल एक तकनीकी चूक का उदाहरण है, बल्कि सरकारी उदासीनता का भी प्रतीक बन गया है।

सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता के तमाम प्रयासों के बीच यह लापरवाही प्रशासन की जिम्मेदारी को सवालों के घेरे में खड़ा करती है। ग्रामीणों की मांग है कि इस खतरनाक पुलिया की मरम्मत जल्द की जाए, दोनों ओर मजबूत एप्रोच रोड बनाया जाए और चेतावनी संकेतक लगाए जाएं ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और तिल्दा मार्ग सुरक्षित बनाया जा सके।

### पुलिया पर हर वर्ष दर्जनों दुर्घटनाएं

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस पुलिया पर हर वर्ष दर्जनों दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें से कई हादसे गंभीर होते हैं और कुछ में लोगों की जान भी चली जाती है। यह मार्ग बलौदा बाजार और तिल्दा शहर को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे होकर रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, व्यापारी व स्कूली छात्र-छात्राएं आवाजाही करते हैं। इस पुलिया की स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। न तो एप्रोच रोड बनाया गया है और न ही चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं, जिससे बाहरी लोग स्थिति को समझ नहीं पाते और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

## मंत्री टंकराम वर्मा ने किया सत्संग भवन निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान के समीप यज्ञ स्थल पर सत्संग भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन हुआ। मंत्री एवं बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। यह भवन धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जनसेवा समिति की बहुप्रतीक्षित मांग का प्रतिफल है, जिसे मंत्री वर्मा ने अपने आश्वासन अनुरूप पूरा किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, बलौदाबाजार नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

इस अवसर पर यज्ञ समिति के संरक्षक श्यामसुंदर केशरवानी, प्रमोद शुक्ला, सचिव सपन केशरवानी, कोषाध्यक्ष लक्षमेंद्र अग्रवाल, ▶▶ शेष पेज 13 पर



### पांच वर्षों से होता आ रहा है 11 दिवसीय महायज्ञ

यज्ञ समिति के सदस्य अभिषेक तिवारी ने बताया कि विगत पांच वर्षों से यज्ञ स्थल पर नगरवासियों, राइस मिलर्स एवं व्यापारियों के सहयोग से 11 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन भव्यता से किया जा रहा है। इस आयोजन में स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देते हैं। यज्ञ मंडप का निर्माण भी समिति द्वारा कराया गया है।

## अर्जुनी के उचित मूल्य की दुकान में मना चावल उत्सव



**अर्जुनी।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान में 6 मई को चावल उत्सव मनाया गया। चावल उत्सव में सरपंच कविता ध्रुव सहित उपस्थित पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर एवं श्रीफल तोड़कर चावल उत्सव मनाया गया। हितग्राहियों ने जून जुलाई अगस्त तीन माह का राशन प्राप्त किया। राशन प्राप्त करने के लिए सुबह से लेकर शाम तक भीड़ लगी रही पंचायत प्रतिनिधियों ने राज्य शासन की इस पहल की सराहना की और हितग्राहियों को समय पर चावल प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। चावल उत्सव के दौरान सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, भगेला ध्रुव, सुखराम ध्रुव, विक्रेता लीलाराम साहू, संजय रजक एवं राशन कार्डधारी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## नगर में व्यावसायिक भवन के निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

# व्यापारिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा व्यावसायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद के समीप स्थित पुराने सीएमओ हाउस परिसर में प्रस्तावित व्यावसायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

यह व्यावसायिक भवन न केवल भाटापारा की व्यापारिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि नगर के समग्र विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगा। यह परियोजना स्थानीय व्यापारियों, युवाओं एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को सशक्त आधार प्रदान करने वाली है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, भाटापारा नगर व्यापारिक दृष्टि से निरंतर प्रगति कर रहा है। यह व्यावसायिक भवन व्यापारिक गतिविधियों को और



अधिक गति प्रदान करेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के स्थायी अवसरों का सृजन करेगा। यह सिर्फ एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर एक ठोस कदम है।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा, यह भवन न केवल आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। हम प्रयासरत हैं कि भाटापारा को व्यवस्थित, सुदृढ़ एवं नागरिक सुविधाओं से परिपूर्ण नगर के रूप में विकसित किया जाए। यह भवन निश्चित ही जन आकांक्षाओं का केन्द्र बनेगा। शिवरतन शर्मा एवं अश्वनी शर्मा ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी देने एवं उसे मूर्त रूप देने हेतु प्रदेश नेतृत्व, स्थानीय प्रशासन एवं नगरवासियों के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, कुंजराम कोशले, पार्षद रामशिला साहू, सतीश साहू, नंदू वैष्णव, भुवन सिंह ठाकुर, राजेश साहू, मनीष पंजवानी, प्रकाश ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, महामंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, प्रदेश भाजयुमो से अविनाश शर्मा, आशीष टोडर सहित, भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारीगण, पार्षदगण, व्यापारीगण, गणमान्य नागरिक, एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रेडक्रास बना अस्थाई कोर्ट, 22 प्रकरणों में हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर का कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष गुरुवार को अस्थाई कोर्ट में बदल गया। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आई राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर ने यहां जनसुनवाई की, जिसमें रायपुर पुलिस द्वारा सौंपे गए महिला उत्पीड़न से संबंधित 22 प्रकरणों के प्रतिवेदन पर सुनवाई की गई। इस सुनवाई के दौरान महिला आयोग की राष्ट्रीय सदस्य ममता कुमारी, रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, राज्य महिला आयोग के सदस्य, विभिन्न विभागों तथा पुलिस विभाग के अधिकारी सहित संबंधित प्रकरणों के पक्षकारों के साथ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

*मानसिक प्रताड़ना, शारीरिक शोषण सहित कई प्रकरणों पर की सुनवाई* राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में मानसिक प्रताड़ना, शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण, अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी सहित विभिन्न प्रकरणों में आवेदकों और अनावेदकों को पेश किया गया। आयोग की अध्यक्ष ने पेश किए गए प्रकरणों में से कई प्रकरण में आवेदक और अनावेदकों के पक्ष सुनने के बाद आदेश भी जारी किए हैं।



*बीपीओ सेंटर का किया निरीक्षणः* आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने जनसुनवाई के बाद कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) केंद्र का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीपीओ में संचालित कार्य प्रणाली को जाना और समझा। इस दौरान उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के गीदम से आकर यहां कार्यरत निधि पूर्ति से विशेष रूप से बातचीत करते हुए उनकी प्रशंसा की और कहा कि एक छोटे से गांव से आकर राजधानी में काम करना गांव की दूसरी लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## रहाटकर ने मुख्यमंत्री से की भेंट

अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयोग अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नंदी भेंटकर सम्मानित किया। सौजन्य मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और विधायक विक्रम उसेंडी भी उपस्थित रहे।

## किरणमयी नायक ने पौधा देकर किया स्वागत

महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर का प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने नवा रायपुर स्थित नया सर्किट हाउस में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्य महिला आयोग की कार्य की जानकारी ली और कहा कि राज्य महिला आयोग बहुत अच्छे तरीके से समस्याओं का समाधान कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मचारियों को मिलेगा 10 लाख दुर्घटना बीमा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बिजली कर्मचारियों के लिए दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत 33/11 केवी. उपकेंद्र में कार्य करने वाले सब स्टेशन ऑपरेटर को नई निविदा में 10 लाख का कवरेज दिया जाएगा। 27 जनवरी को विद्युत ठेका श्रमिक संघ ने छत्तीसगढ़ शासन, विद्युत कंपनी और श्रम आयुक्त से मांग की थी, जिसे नई निविदा प्रणाली में शामिल किया गया है। इस नई सुविधा के लिए आभार व्यक्त करने संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू ने विद्युत वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंग कंवर से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही विद्युत कंपनी में कार्य कर रहे सभी ठेका कर्मचारियों के होने वाले सभी निविदा में 10 लाख का बीमा लागू करने की भी मांग की है। कार्य के दौरान 1500 उपकेंद्र में ठेका कर्मियों को दुर्घटना के अंतर्गत 10 लाख के बीमा की नई सुविधा ठेके में दी जा रही है।

### छत्तीसगढ़ में एलायड सर्विसेस से बनेंगे दो आईएएस

**रायपुर।** प्रदेश में गैर राज्य प्रशासनिक सेवा (जिसे एलायड सर्विसेस कहा जाता है) से आईएएस कैडर के रिक्त दो पद पर पदोन्नति के लिए राज्य शासन ने सभी विभागों से दावेदार अफसरों से 6 जून तक आवेदन मांगे हैं। बताया जाता है कि एलायड सर्विस से आईएएस बने दो अफसर शारदा वर्मा और अनुराग पांडेय सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस आधार पर राज्य में दो पद इस सर्विस से भरे जाएंगे। इन पदों के लिए वित्त, शिक्षा पीडब्लूडी, पीएचई, उद्योग, कृषि जनसंपर्क जैसे विभागों के अफसर अपनी दावेदारी कर सकते हैं। बताया जाता हैं कि सभी विभागों से आवेदन आने के बाद उच्च स्तरीय कमेटी आवेदनों का परीक्षण कर अंतिम रूप से नाम तय करेगी। इन नामों को डीओपीटी भेजा जाएगा।

### देशभर के आदिवासी लेखक जुटेंगे राजधानी में

**रायपुर।** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली (भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय) और अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान में दो दिवसीय अखिल भारतीय आदिवासी लेखक सम्मेलन का आयोजन 7-8 जून को रायपुर के नवीन विश्राम भवन, सिविल लाइंस में होगा। इसमें देशभर के आदिवासी लेखक जुटेंगे। शनिवार के उद्घाटन सत्र में साहित्य अकादमी नई दिल्ली के अध्यक्ष माघव कौशिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वक्ता प्रख्यात लोकसाहित्यविद् महेंद्र कुमार मिश्र रहेंगे। मुख्य अतिथि शशांक शर्मा, साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद एवं अध्यक्षता केशरीलाल वर्मा, कुलपति, छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय करेंगे। पहले दिन के प्रथम सत्र में संस्कृति के संरक्षण में जनजातीय भाषाओं का महत्व विषय पर एक आलेख पाठ होगा, जिसमें आलेख-पाठ करेंगे वी. रामकोटि, माधुरी यादव, उपेंद्र अणु। इस सत्र की अध्यक्षता विवेक आचार्य, संस्कृति विभाग के संचालक करेंगे।

## डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, सुपर फास्फेट और यूरिया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को खरीफ सीजन में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के 4.62 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित किया है। यह भंडारण प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों एवं विपणन संघ के माध्यम से किया गया है।अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन काण्डे ने बताया कि राज्य की सहकारी समितियों में अब तक 4.62 लाख टन खाद का भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 2.44 लाख टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में समितियों में 2.18 लाख टन खाद उपलब्ध है, जिसमें प्रमुख रूप से 92,120 टन यूरिया, 47,451 टन सुपर फास्फेट, 19,885 टन डीएपी, 32,643 टन एन.पी.के. और 25,855 टन पोटाश शामिल हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण डीएपी खाद की आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका को देखते हुए, राज्य सरकार ने अग्रिम तैयारी करते हुए एनपीके., सुपर फास्फेट और यूरिया खाद को विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया है।

- राज्य में 4.62 लाख टन खाद का भंडारण

*भंडारण की स्थिति की दैनिक समीक्षा : सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को इन विकल्पों की प्रति एकड़ उपयुक्त मात्रा के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि किसान खरीफ सीजन में इसका उपयोग कर डीएपी की कमी को पूरा करते हुए बेहतर फसल उत्पादन कर सकें।*

### सभी समितियों में 10-10 टन खाद का भंडारण सुनिश्चित करें

सहकारिता मंत्री ने विपणन संघ के सभी प्रदाय केंद्रों को निर्देशित किया है कि जून-जुलाई के दौरान कम से कम 100 टन यूरिया, 100 टन डीएपी/एनपीके, 100 टन सुपर फास्फेट और 50 टन पोटाश खाद का स्टॉक अनिवार्य रूप से बनाए रखें। इसी प्रकार, सभी सहकारी समितियों को प्रति केंद्र 10-10 टन यूरिया, एनपीके, डीएपी और सुपर फास्फेट खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे खाद की निरंतर आपूर्ति बनी रहे।

## निगम कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

# जोन कार्यालय में तोड़फोड़, निगम कर्मियों के साथ मारपीट पर बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मोहबा बाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में हुई तोड़फोड़ और निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में गुरुवार को निगम कर्मचारियों का गुस्सा जमकर फूटा। निगम मुख्यालय में इस घटना के विरोध में अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, उपअभियंता से लेकर सभी कर्मचारियों ने काम बंद-कलम बंद कर विरोध जताया। घटना को शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की है। लामबंद कर्मचारी-अधिकारियों ने महात्मा गांधी सदन से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

निगम मुख्यालय में एकजुट हुए कर्मचारी अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने कहा, चौखट से लेकर मरघट तक हमको काम करना पड़ता है। मूंछ वालों से लेकर पहुंच वालों तक का हमें काम करना पड़ता है, अगर हम प्रदर्शन नहीं करेंगे, तो हमें हमेशा रोना पड़ेगा। श्री पांडेका यह गुस्सा एक दिन पूर्व जोन 8 कार्यालय में हुई घटना को लेकर फूटा। इस मौके पर जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने कहा कि जोन दफ्तर में हंगामा, तोड़फोड़ और कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना शर्मनाक है। यह एक उकसाने वाली घटना है, जिसका पुरजोर विरोध करते हैं। हमें एकजुट होकर इसका जवाब देना होगा। जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने कहा कि पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिस ऐसी घटनाओं को रोकने एक पालिसी बनाई जाये। इस पालिसी में जिसमें जिला प्रशासन का मजिस्ट्रेट लेवल का अधिकारी अतिक्रमण हटाओ दस्ता के साथ रहे।

- काम बंद कलम बंद कर प्रदर्शन, निगम मुख्यालय से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च

### सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

एक दिन पूर्व टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान अवैध तरीके से गुमटी में संचालित भोजनालय हटाने से नाराज महिला उसके बेटे-बेटियों ने जोन 8 में रखे वाहनों और आफिस में तोड़फोड़ कर हंगामा किया। पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश, तो जवानों के साथ धक्का-मुक्की की गयी। साथ ही महिला पुलिस कर्मचारियों से मारपीट की। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर महिला पिंकी ठाकुर, बेटे शिवम और बेटी शिवानी ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसी घटना के विरोध में कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय में सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में अपर आयुक्त, उपायुक्त, जोन कमिश्नर, असिस्टेंट इंजीनियर, जेई समेत तमाम कर्मचारियों ने काम बंद कलम बंद करते धरना-प्रदर्शन कर एकजुटता दिखाई। महापौर मीनल चौबे के शहर से बाहर होने और निगम आयुक्त विश्वदीप के निगम मुख्यालय में नहीं होने की वजह से निगम कर्मचारियों की उनसे मुलाकात नहीं हो पायी।

### महापौर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

घटना को लेकर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर शासन, प्रशासन महापौर को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया। इसमें गुंडागर्दी करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के साथ भविष्य में सुरक्षा के साथ ही कार्रवाई किए जाने का मांग रखी गई। विरोध प्रदर्शन में नगर निगम कर्मचारी अधिकारी एकता संघ के संरक्षक संतोष पांडे, विवेकानंद दुबे, अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष श्याम सोनी, मोहित कुमार, संगठन प्रतिनिधि यूएस अग्रवाल,उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, योगेश कडू, नगरनिगम प्लेसमेंट कर्मचारी संघ अध्यक्ष संघ अध्यक्ष संजय ऐडे,खेमूलाल निषाद सचिव, उपाध्यक्ष अजीत कसार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में आठ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर के अमलीडीह स्थित साईं ड्रीम सिटी में किराए के फ्लैट में रह रही युवती की छठवें माले से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार भिलाई-3 निवासी जसविंदर कौर ढिल्लन उर्फ जस्सी को खुदकुशी करने प्रेरित के आरोप में नीरज मजूमदार, प्रशांत लाण्डे, रोशनी साहू उर्फ तन्नू, आकाश वैष्णव, साबिया परवीन, तिलोत्मा पाण्डेय, दीपक पाटले तथा नेहा यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जसविंदर पेशे से मेकअप आर्टिस्ट है और वह नीरज मजूमदार के साथ रिलेशन में थी। पिछले कुछ समय से काम नहीं मिलने की वजह से जसविंदर खाली बैठी थी, जिसका खर्च नीरज वहन करता था।

इस बात को लेकर जसविंदर के साथी उसे ताना मारने के साथ शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इससे जसविंदर बुरी तरह से टूट गई और उसने खुदकुशी कर ली।

- दो दिन पूर्व राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह स्थित एक अपार्टमेंट के छठवें माले से कूदकर युवती ने की थी खुदकुशी

## अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी आज देंगे जिला मुख्यालयों में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के स्कूलों के सफाई कर्मचारी अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 6 जून को सभी जिला मुख्यालयों में धरना देंगे। साथ ही जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे। अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालिक कर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान और युक्ति युक्त करण के तहत प्रभावित स्कूल सफाई कर्मचारियों को संबंधित स्कूलों में समायोजन की मांग की जायेगी। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्य करने वाले 43,301 अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों अपने 2 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 3 चरणों में आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरना प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद कर रहे हैं।




- जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन

### प्रति माह महज 3000 से 3400 रुपये मानदेय

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 15 साल से काम कर रहे अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को उनके काम के एवज में प्रतिमाह केवल 3 हजार रुपये लेकर 3400 रुपए तक मानदेय दिया जाता है। जो इस महंगाई के दौर में बहुत कम है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीव वर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था, पर सरकार बने 18 माह होने के बाद भी मांग पूरी नहीं हो पायी। इससे कर्मचारियों को रोजी-रोजी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर युक्ति युक्त करण के तहत एक शाला दूसरे शाला में मर्ज करने पर स्कूली सफाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। 15 साल तक स्कूलों में सेवा देने के बाद कर्मचारियों की उम्र 40 से 50 वर्ष हो चुकी है। अब इन कर्मचारियों को दूसरी नौकरी में फार्म भरने का उम्र भी पार हो चुका है। इसलिए युक्ति युक्त करण न किया जाये।

## क्रांति सेना की खारुन आजादी पदयात्रा पूरी, नदी को बचाने किया जन-जागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के तत्वावधान में सुंगेरा सहित आसपास के ग्रामीणों ने खारुन बचाने 5 दिनों तक पदयात्रा कर हुंकार सभा आयोजित कर खारुन आजादी की पदयात्रा गुरुवार को पूरी की। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। खास बात ये रही कि खारुन बचाने की इस पदयात्रा करने वालों का गांवों के सरपंच और जन प्रतिनिधियों ने उनके रुकने और भोजन का प्रबंध भी किया। खारुन दाई के जयकारों की गूंज के साथ पदयात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखने लायक रहा।

तपती धूप और उमस के बीच शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी बचाने छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की पहल 5 दिवसीय खारुन आजादी पदयात्रा में जनजागरण को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। प्रदेश के नदियों की दुर्दशा रोकने और जनमानस को जगाने का काम नारी शक्ति ने बड़ी बखूबी किया। पदयात्रा में ग्राम सुंगेरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों से ग्रामीणों स्वस्फूर्त होकर सहभागिता निभाई। गुरुवार को खारुन आजादी पदयात्रा के अंतिम दिन सरोना से रात्रि विश्राम के बाद यह पदयात्रा डंगनिया, रायपुरा होते हुए महादेव घाट पहुंच कर हुंकार सभा में तब्दील हो गई । सभा में वक्ताओं ने अपने उदबोधन में में प्रदूषण से छटपटा रही खारुन दाई की पीड़ा का जिक्र किया। पदयात्रा में शामिल कई लोग ऐसे भी रहे जिन्होंने पहली बार खारुन नदी के बदबूदार और जहरीले पानी का सामना किया । दो तीन दशक पहले तक सुजला-सुफला नदी लाखों लोगों को रोजगार और अन्नजल देती थी, पर आज इसमें जलकुंभी की भरमार है, नदी का जल दूषित हो चला है। क्रान्ति सेना के अध्यक्ष डॉ. अजय यादव के नेतृत्व में हुए आंदोलन में अमित बघेल ,अजय यादव , लता राठौर , चंद्रकांत यदु , भूषण साहू , तारण दास साहू , ललित बघेल , सोनू राठौर , ऋचा वर्मा , उषा श्रीवास प्रमुख वक्ता रहे । इस आंदोलन को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं उसके आध्यक्ष अमित बघेल ने अपना समर्थन दिया साथ ही पांच दिन तक वे यात्रा में पैदल भी चले । हुंकार सभा के बाद जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।

- खारुन बचाने राष्ट्रपति के नाम सौंपी गुहार की चिट्ठी
- जयकारों की गूंज के साथ खारुन दाई की आरती

### जयकारों के साथ हुई खारुन दाई की महाआरती

गुरूवार की शाम खारुन नदी तट पर हजारों लोगों ने एकसाथ मिल कर खारुन दाई की महा आरती की। और यह संकल्प लिया की जब तक खारुन को साफ नहीं किया जाता तब तक वे सरकार और उद्योगों के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे । महाआरती में खारुन दाई की महिमा का गुनगान करते हुए जयकारे लगाये गये। नदी तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। साथ ही महाआरती के मनोरम दृश्य के लोग साक्षी बने।

## सिख फोरम के अध्यक्ष और डीपीएस के चेयरमैन भाटिया से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा ने बुधवार को छत्तीसगढ़ सिख फोरम के अध्यक्ष व डीपीएस के चेयरमैन बलदेव सिंग भाटिया से सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री छाबड़ा ने शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर श्री भाटिया को सम्मानित किया। इस मौके पर आयोग अध्यक्ष और सिख फोरम अध्यक्ष के बीच हुई वार्तालाप के दौरान सिख समाज के सर्वांगीण उत्थान एवं महत्वपूर्ण कार्यों को सक्रियता से किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज के युवाओं को रोजगारोन्मुखी स्मार्ट स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने तथा आईएएस-आईपीएस की तैयारी कर रहे युवाओं को कोचिंग व अन्य सुविधाएं प्रदान करने पर जोर दिया गया। वहीं गुरु तेगबहादुरजी के आगामी 350वें सालाना शहीदी पर्व को पूरे छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के अनेक कार्यों के साथ ऐतिहासिक व भव्य रूप से मनाए जाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। फोरम अध्यक्ष श्री भाटिया ने आयोग अध्यक्ष श्री छाबड़ा को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का की बात कही।

### महादेव घाट रोड में देर रात युवक युवतियों के बीच जूतमपैजार

**रायपुर ।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के महादेव घाट रोड में बीच सड़क पर युवक, युवतियों के बीच जमकर लात, घूंसे चले। मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। घटना की अब तक किसी भी पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। वीडियो सामने आने पर पुलिस अपने स्तर पर युवक, युवतियों की पहचान करने की कोशिश में जुटी हुई है। आपस में झगड़ा करने वालों की पुलिस को अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसके मुताबिक तीन से चार लड़कियों के एक ग्रुप को कुछ लड़के रोक कर उनके साथ छेड़खानी करने लगते हैं। इस दौरान एक युवक की लड़कियां कालर पकड़कर उसकी पिटाई करने लगती हैं।

## ज्वेलरी शॉप से चेन चोरी करने के आरोप में चार अंतर्राज्यीयचोर गिरफ्तार

# राजनांदगांव तक 70 किलोमीटर सीसीटीवी फूटेज खंगालने के बाद मिले चेन उड़ाने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खम्हारडीह क्षेत्र स्थित शक्ति नगर, राजीव नगर गेट के पास स्थित रौनक ज्वेलर्स में एक सप्ताह पूर्व साढ़े तीन लाख कीमत की तीन सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र के चार शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चेन जब्त की है। चोरों को पकड़ने पुलिस ने बदमाशों के भागने के मार्ग के 70 किलोमीटर तक सीसीटीवी फूटेज खंगाला, तब पुलिस को बदमाशों का सुराग मिला।

ज्वेलरी शॉप से चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने जय पाटिल उर्फ बाबी, राहुल सुखचंद लिल्हारे, राहुल डोंगरे उर्फ विक्की और जय पाटिल को गिरफ्तार किया है। चोरी का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि बदमाश चेन खरीदने के बहाने 29 मई को ज्वेलरी शॉप में पहुंचे थे। एक बदमाश काउंटर में चेन देखने के लिए गया। इस दौरान बदमाश कारोबारी की आंखों में धूंल झोंककर तीन सोने की चेन चोरी कर बाहर खड़े अपने साथियों के दोपहिया में सवार होकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने नाकेबंदी कर बदमाशों की पहचान कर सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करते हुए राजनांदगांव तक पीछा करते पहुंची।

### चोरी की दोपहिया से घटना

दुकान में चोरी करने आए बदमाश दुर्ग में एक दोपहिया चोरी कर रायपुर पहुंचे थे। रायपुर पहुंचने के बाद बदमाश एक और दोपहिया चोरी की। रायपुर में चोरी की गई दोपहिया को एक जगह पार्क कर उसकी नंबर प्लेट बदल दी। इसके बाद बदमाश दुर्ग में चोरी की गई दोपहिया से ज्वेलरी शॉप में चोरी करने गए। चोरी कर भागने के दौरान बदमाश दुर्ग की दोपहिया को बीच रास्ते में लावारिश हालत में छोड़ रायपुर में चोरी की गई दोपहिया से फरार हुए। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के खिलाफ गोंदिया तथा नागपुर में मारपीट, बलवा सहित कई मामले दर्ज हैं।

## रूठा मानसून... एक सप्ताह के लिए भूल जाइए बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मई में मानसून आगमन का जश्न मना रहे लोगों को अब गर्मी परेशान करने लगी है। ये हालात आने वाले एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं। मानसूनी हवा की स्थिति को आने वाले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना कम ही है। इस दौरान हल्की बारिश या बूंदाबांदी की ही स्थिति निर्मित होगी। दंतेवाड़ा में मानसून कुछ और दिनों तक रूका रहेगा। वर्तमान सप्ताह में इसके रायपुर पहुंचने की संभावना अत्यंत कम है। गुरुवार को प्रदेश के किसी भी स्थान पर बारिश दर्ज नहीं की गई। वर्षा के आंकड़े निरंक रहे। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबादी अवश्य हुई, लेकिन इससे भी तापमान में विशेष राहत नहीं मिल सकी। रायपुर में दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इस कारण उमस भरी गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ा।

- रायपुर का तापमान पहुंचा 38 डिग्री पर, गुरुवार शुष्क रहा प्रदेश



### 38.2 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म

रायपुर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम 27.7 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म दुर्ग रहा। यहां का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 20.7 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आने वाले 5 दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री वृद्धि की उम्मीद जताई है। 48 घंटे बार रायपुर सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में मेघ गर्जन गतिविधि हो सकती है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी।

## खबर संक्षेप



### रेलवे आरक्षण केंद्र का उद्‌घाटन

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने गुरुवार को फतेशाह मार्केट के सामने सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा रायपुर में रेलवे आरक्षण केन्द्र का उद्‌घाटन किया, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित हुए। इस अवसर पर सुविधा केन्द्र प्रभारी मनीष चंदवानी, वरिष्ठ वाणिज्यिक निरीक्षक मनोज हाटी, पीआरआई शिवप्रसाद, प्रभाकर राव, भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार धनगर, मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष ब्रदीप्रसाद गुप्ता, पार्षद प्रमोद साहू, वरिष्ठ नेता रामकृष्ण धीवर, मनोज साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिवसेना ने शहर से ऑटो नो जोन हटाने ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** शहर में जिला प्रशासन एवं यातायात द्वारा चौक-चौराहों पर आटो नो जोन घोषित किया गया है। इस संबंध में शिवसेना प्रदेश महासचिव संजय नाग एवं बल्लू जांगड़े ने बताया कि शिवसेना एवं ऑटो सेना के कार्यकर्ताओं ने नलघर चौक से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में एसडीएम को ऑटो एवं ई-रिक्शा को उन मार्गों से आवागमन की अनुमति देने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ई-रिक्शा चालकों को घूमकर जाने में चार्जिंग ज्यादा खर्च होती है, जिससे उनकी रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है एवं गाड़ी की किस्त जमा करना भी दूभर हो रहा है। अगर सिटी बसों को परमिशन दिया गया है तो ई-रिक्शा एवं ऑटो को भी परमिशन दी जाए और ऑटो नो जोन हटवाकर स्थायी स्टैंड बनाया जाए। ज्ञापन सौपनें वालों में रेशम जांगड़े, कृष्णा यादव, सुरेश तिवारी, लोकेश ठाकुर, रामेश साहू, राकेश नायक के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेज 11 का शेष

### मंत्री टंकराम वर्मा ...

व्यवस्थापक शिवप्रकाश तिवारी सहित समिति के सक्रिय सदस्यगण विहिप जिलाध्यक्ष अभिषेक (मिकी) तिवारी, हेमन्त वर्मा, वासुदेव ठाकुर, गजेंद्र देवांगन, आयुष बरनवाल, नवनीत अग्रवाल, दीप बाजपेयी, विनय गुप्ता, सुंदर साहू, नीलम दीक्षित सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे। समिति द्वारा सत्संग भवन की आवश्यकता को मंत्री टंकराम वर्मा के समक्ष रखा गया था, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए भवन निर्माण का निर्णय लिया। सत्संग भवन के निर्माण से धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। साथ ही भविष्य में यज्ञ स्थल को एक सर्वसुविधायुक्त, सुंदर एवं हरा-भरा धार्मिक परिसर के रूप में विकसित करने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा।

# एडीईओ भर्ती परीक्षा 15 को, 7 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून को किया जाएगा। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें 7906 अभ्यर्थी शामिल होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर ने परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी परीक्षा के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें, कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी मॉनिटरिंग करें। परीक्षा समय पर शुरू और समाप्त हो।

अब तक की परीक्षाओं में सभी ने बेहतर कार्य किया है इस बार भी निष्ठापूर्वक कार्य करें।बताया गया कि एडीईओ भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन प्रथम पाली में प्रातः 10 से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ऑब्जर्वर व केंद्राध्यक्ष की बैठक लेकर दिये जरुरी निर्देश



**26 परीक्षा केंद्र बनाये गए:** परीक्षा के लिए लिए जिले में 26 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार, मिनिमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल बलौदाबाजार, पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हाई स्कूल बलौदाबाजार, एमडी व्ही हाई स्कूल बलौदाबाजार, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रिसदा, शासकीय हाई स्कूल सकरी, अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद, शासकीय जीएनए कॉलेज भाटापारा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भाटापारा, पंचम दीवान शासकीय कन्या हाई स्कूल भाटापारा, नगर पालिका कन्या हाई स्कूल भाटापारा, शासकीय बहु उद्देशीय हाई स्कूल भाटापारा, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रामसागरपारा भाटापारा, शासकीय बृजलाल वर्मा कॉलेज पलारी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दाऊ विष्णु दत्त वर्मा हाई स्कूल पलारी, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल अर्जुनी, शासकीय महाविद्यालय लवन, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल लवन, शासकीय डीआरएस कॉलेज कसडोल, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम, गुरु घासीदास हायर सेकण्डरी स्कूल कसडोल, मिनीमाता शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कसडोल, डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कसडोल, शाश्वत हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, गुरुकुल हायर सेकण्डरी स्कूल भाटापारा शामिल हैं।

## प्रदूषण से मुक्ति के लिए कचनार, कदम, मोलश्री और गुलमोहर का पौधा रोपा

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एपीएल अपोलो ने 3000 पौधों का रोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड के ग्राम रिंगनी स्थित एपीएल अपोलो बिल्डिंग द्वारा वृहद पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अतंर्गत 5 जून को वृहद पौधारोपण का अभियान चलाया गया। इसमें द्वारा 1 हेक्टेयर भूमि में कचनार, कदम, मोलश्री, गुलमोहर, पेलताफोर्म, कारंग, शहतूत, स्पाथोडिया, जरूल, आम, महगूनी आदि प्रजाति के लगभग 3000 पौधे लगाए गये। उक्त अवसर पर मुख्य परिचालन अधिकारी बृजेश नायक के मुख्य अतिथि में संयंत्र प्रबंधन संतोष राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यरत कर्मियों ने पौधारोपण में हिस्सा लिया। नोहर ने कहा कि पौधारोपण से प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। संतोष राय ने कहा कि पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही शुद्ध वायु प्राप्त होगी। मौके पर अजय गुप्ता, राजकुमार मोहिले, युवराज सिंह, अशोक विश्वकर्मा, राजवीर सिंह, मुकेश सिंह, शरद नायडू, अमित सुकरदा आदि अधिकारी मौजूद थे।





## संयंत्र में जागरूकता कार्यक्रम और रंगोली प्रतियोगिता हुई




**बलौदाबाजार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव और मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में विभिन्न जागरुकता एवं पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में अल्ट्राटेक संयंत्र के प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा एवं पर्यावरण विभाग से संजय यादव, सुनील त्रिपाठी एवं अदिती साहू ने सहभागिता की। उन्होंने इस वर्ष की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत ग्रामीणों को अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा पर्यावरण के महत्व के बारे में प्रेरित किया। एक पेड़ मा के नाम अभियान के अंतर्गत सीएसआर के द्वारा संचालित गांवों में पौधारोपण में जामुन और आम का पौधा लगाया गया। इस मौके पर अधिकारी ज्योत्सना पति और रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम के सदस्य सुरेन्द्र यादव, द्वारिका वर्मा, ताराचंद वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी, इंदु वर्मा और नीरा वर्मा का योगदान रहा।



### फाउंडेशन ने पौधारोपण अभियान में प्रकृति से प्रेम हरियाली का संकल्प लिया

**हिरमी रावन।** विश्व पर्यावरण दिवस पर दर्पण वेलफेयर फाउंडेशन एवं राजपूत एजुकेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रकृति से प्रेम हरियाली का संकल्प पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरियाली की ओर एक कदम को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय बड़े तालाब परिसर, सार्वजनिक स्थलों पर कुल 250 से अधिक पौधे लगाए गए। इन पौधों में नीम, पीपल, अमलतास, गुलमोहर और फलदार वृक्ष प्रमुख थे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष तनमय सिंह राजपूत ने कहा, प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पर्यावरण दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक संकल्प होना चाहिए हर दिन प्रकृति की सेवा करने का। एक पौधा एक जीवन चलो मिलकर करे पालन पोषण पौधारोपण कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक पर्यावरण चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दर्पण वेलफेयर फाउंडेशन ने संकल्प लिया कि आने वाले छह महीनों में 1000 और पौधे लगाए जाएंगे और उनकी उचित देखभाल की जाएगी। यह पहले न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।

## भरुवाड़ीह में होगा मिश्रित वानिकी पौधारोपण



**अर्जुनी।** पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत भरुवाड़ीह में विविध वानिकी पौधारोपण का वृहद प्लांटेशन करने की कार्य योजना को लेकर जिला सीईओ द्वारा जनपद की पूरी टीम सहित उद्यानिकी विभाग को लेकर ग्राम पंचायत भरुवाड़ीह पहुंचे। स्थल निरीक्षण कर जिला सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल द्वारा उद्यानिकी विभाग जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत को आवश्यक दिशा निर्देश देकर तत्काल प्लांटेशन की तैयारी के लिए कहा। जिला सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया कि विकसित भारत का संकल्प पर्यावरण की रक्षा के बिना अधूरा होगा। पेड़ हवा को साफ रखते हैं और प्रदूषण को कम करने में मदद करते हैं। पेड़ों की जड़ें वर्षा जल को अवशोषित करती हैं, जिससे भूजल स्तर बना रहता है। पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और इसे उपजाऊ बनाए रखते हैं। पेड़ पक्षियों और अन्य जीव जंतुओं का प्राकृतिक आवास होते हैं। इसका उद्देश्य मां और धरती मां के प्रति प्रेम एवं समान भाव को दर्शाते हुए पौधारोपण को जन आंदोलन का रूप देना है।

- स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे जिला सीईओ

स्थल स्थल निरीक्षण के समय जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्यकार्यपालन अधिकारी फकीर, चरण पटेल, उद्यानिका विभाग सहायक संचालक आभा पाठक, तकनीकी सहायक संतोष कुमार, साहू मनरेगा, एपीओ, राजेश वर्मा एडीओ, नीरज गौड़, सरपंच नरेंद्र कश्यप, उपसरपंच भावसिंह जांगड़े, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, पंच अशोक साहू, सूरज बंजारे, पुष्पा साहू, उत्तम बंजारे, भीषम कश्यप, तकनीकी सहायक वंदना विजन रोजगार सहायक ललिता साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गृहिणी स्वयंसेवी संस्था ने प्लास्टिक कचरे के निपटान में अपनाया अनुठा तरीका, 5 लाख कमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



पर्यावरण को सरंक्षित एवं संवर्धित करने गृहिणी स्वयं सेवी संस्था हिरमी द्वारा पिछले दो वर्ष 4 मई से प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए एक अनुठा तरीका अपनाया, जिसमें बलौदाबाजार जिले के 9 मणिकंचन केन्द्रों की 142 से अधिक महिलाओं के माध्यम से 485 टन प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर उसे सुव्यवस्थित ढंग से सीमेंट संयंत्र के किलन में ईंधन के रुप में प्रयोग किया गया। इससे 1261 टन उत्सर्जन की मात्रा को कम किया गया एवं मणीकंचन केन्द्र के महिलाओं को लगभग 5 लाख 17 हजार का रोजगार सृजन हुआ। संस्था द्वारा संचालित "अर्थसेवर" परियोजना को दो साल पहले 5 मई को तत्कालीन जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया, जिसमें बलौदाबाजार नगर पालिका एवं न्यू विस्टा सीमेंट संयंत्र के सीएसआर का विशेष सहयोग रहा है।। गृहिणी स्वयंसेवी संस्था हिरमी की अध्यक्ष रुपा श्रीवास्तव ने बताया यह संस्था केवल प्लास्टिक कचरे के निपटान तक ही सीमित न रहकर प्लास्टिक कचरा इकठ्ठा करने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य पर्यावरण सरंक्षण पर भी समय-समय पर जागरुक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है। बलौदाबाजार जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने यह अनुठा प्रयास आगे भी जारी रहेगा और अधिक से अधिक कार्यक्षेत्र के प्लास्टिक वेस्ट को इकठ्ठा कर पर्यावरण संरक्षण एवं एवं संवर्धन के प्रति संस्था प्रतिबद्ध रहेगी।

## घिरघोल में मना चावल उत्सव कार्डधारियों में दिखा उत्साह

**पलारी।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम घिरघोल में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अब हितग्राहियों को तीन माह का चावल एक साथ प्रदान किया जाएगा।

- सरकार के तीन माह का चावल एक साथ देने के निर्णय को सराहा

चावल वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को उनके राशन कार्ड के पात्रता अनुसार चावल दिया जा रहा है, ग्रामीणों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बार-बार राशन केंद्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी और समय व मेहनत दोनों की बचत होगी। चावल उत्सव के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि ने भी उपस्थित रहकर योजना की जानकारी दी और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को साझा किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत घिरघोल सरपंच विष्णु वैष्णव, पूर्व सरपंच हेमकुमार साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पूना राम साहू, सुकालू राम यदु ,पंच राजकुमार नवरंगे, चमेली बाई बंजारे, सावित्री ताड़वे, सहित बड़ी संख्या में महिला समूह के लोग उपस्थित रहे, वही ग्रामीणों ने सरकार का आभार जताया और चावल उत्सव को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## कलेक्टर-एसपी ने बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

# बाढ़ आपदा से बचाव के लिए शिवरीनारायण में मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





शिवरीनारायण स्थित महानदी के बाबाघाट में शुक्रवार को बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं एसपी विजय कुमार पांडेय ने बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का भी जायजा लिया और सम्पूर्ण गतिविधियां देखी। इस दौरान अपर कलेक्टर आर के सिंह तंबोली, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, जिला अग्निशमन अधिकारी योग्यता साहू सहित एसडीआरएफ-नगरसेना के जवान सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शुक्रवार को एसडीआरएफ एवं नगर सेना की टीम द्वारा उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों एवं अग्निदुर्घटना से बचाव का मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल में मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, लाइफ जैकेट, सर्च लाइट एवं विभिन्न प्रकार के बचाव उपकरण का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) किया गया। मॉकड्रिल में बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के घरों में उपलब्ध होने वाली सामग्रियों जैसे गोल बर्तन, ड्रम, मटका, ट्यूब, प्लास्टिक बॉटल, इत्यादि सामग्रियों का राफ्ट (तैरती हुई संरचना) बनाना एवं पीने के पानी की बोतल को एयर टाइट कर लाइफ जैकेट बनाकर डूबते हुए व्यक्ति को बचाया जा सकता है।

कलेक्टर ने बाढ़ राहत बचाव की तैयारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे जिले की बाढ़ आपदा राहत टीम पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा में बचाव के लिए मॉक ड्रिल एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना होता है। इससे आपातकालीन सेवाओं को वास्तविक स्थिति में अभ्यास करने का अवसर मिलता है। इसमें बाढ़ एवं आपदा के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना, प्राथमिक चिकित्सा देना, और आपदा प्रबंधन के अन्य पहलुओं को शामिल किया जाता है। मॉक ड्रिल का एक और उद्देश्य जनसाधारण को जागरूक करना भी होता है। लोगों को सिखाया जाता है कि बाढ़ आने पर उन्हें क्या करना चाहिए और किस तरह की सहायता उपलब्ध होगी।

### आपदा के समय नागरिक और प्रशासन मिलकर प्रभावी ढंग से कार्य कर करेंगे

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मॉकड्रिल के माध्यम से तैयारियों की जांच संतुष्टिपूर्वक एवं आशापूर्वक संपन्न की गई। बाढ़ आपदा राहत के लिए हमारे जिले की टीम की पूरी तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉकड्रिल यह सुनिश्चित करती हैं कि आपदा के समय नागरिक और प्रशासन मिलकर प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें और जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके। जिला सेनानी योग्यता साहू ने बताया कि एसडीआरएफ बिलासपुर और नगरसेना जांजगीर बाढ़ बचाव दल की संयुक्त टीम बनाई गई है। मॉकड्रील में व्यक्ति के डूब जाने, फंस जाने, अग्निदुर्घटाना की सूचना प्राप्त होने पर रिस्पांस टाइम कम कर टीम द्वारा उनको रेस्क्यू करने का पूर्वाभ्यास किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे घर, गांव में जो अनुपयोगी वस्तुएं एवं कबाड़ होते है उसका उपयोग कर आपदा के समय में अपने आप को कैसे रेस्क्यू कर सकते है उसका भी मॉकड्रिल के माध्यम से नागरिकों को बताया गया।

# शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति ने बांटा कोटना और सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसड़ोल







शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति द्वारा गर्मी में गौवंश एवं पक्षियों के लिए सेवा कार्य के रूप में निःशुल्क कोटना एवं सकोरे का वितरण किया, जहां विभिन्न स्थानों में रखे पात्रों से गाय, बैल आदि इस गर्मी में प्यास बुझा रहे हैं, वहीं पक्षियों को भी पानी सुलभ कराया जा रहा है।

इस नेक काम के लिए नगर के बड़े बुजुर्गों तथा प्रशासनिक अधिकारीयों ने भी सराहना की है तथा श्रमजीवि पत्रकार संघ तहसील ईकाई कसडोल के अध्यक्ष साहेब लाल साहू ने सराहना करते हुए समिति के सदस्यों को आगाह किया कि इसी तरह जनहित के कार्यों में आगे बढ़ते रहे और किसी आडम्बर तथा दिखावे से दूर रहकर सृजनात्मक, सकारात्मक कार्यों में लगे रहे।

समिति की अध्यक्ष वर्षा शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम समिति की सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारियों के निर्वहन की भावना से प्रेरित है। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा देवी गौराहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कसडोल में किया गया।

इस पुनीत कार्य में समिति की उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, सचिव डिगेश्वरी नामदेव, पार्षद कोषाध्यक्ष कुमुदिनी मिश्रा, सह सचिव कलाराव, मीडिया प्रभारी वर्षा पंजवानी, सांस्कृतिक प्रभारी राजिम साहू तथा कार्यकारिणी सदस्य अंजनी साहू, विनिता मिश्रा, वंदना बंजारे, संध्या तिवारी, सरोज मिश्रा एवं नेहा मिश्रा, रुखमणि साहू, भावना साहू, मोनिका साहू, लक्ष्मी पैकरा कंचन बंजारे, संतोषी साहू, परमेश्वरी राव की विशेष सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप

### बड़े भाई से मारपीट

**महासमुंद।** बड़े भाई से मारपीट करने के मामले में सांकरा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को वृंदावन साहू पिता भारत साहू (38 साल) निवासी पाटनदादर ने बताया कि 4 जून की रात करीबन 9 बजे उसका छोटा भाई खिरोद साहू उसके पिता से गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया। इसी बात को लेकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते आरोपी ने हाथ मुक्काएवं लकड़ी से मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बड़गांव में पर्यावरण दिवस पर रोपे गए अनेक पौधे

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत बड़गांव में विश्व पर्यावरण दिवस पंचायत और स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि जवाहर ध्रुव, रोजगार सहायक अंजना यादव एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में बरगद, पीपल, नीम व फलदार पौधे लगाए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रतिनिधि ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर दर्जन भर पौधारोपण किया गया।

## निधन

### अशोक जायसवाल



**पलारी।** चरौदा निवासी अशोक जायसवाल 50 का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे मोहन जायसवाल के बड़े भाई एवं खगेश जायसवाल, देवनारायण जायसवाल, रूपेन्द्र जायसवाल के पिता थे।

### गौरी बाई वर्मा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** भरुवाडीह निवासी 90 वर्षीय गौरीबाई वर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते-रिश्तेदार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे विष्णुप्रसाद, रामकिशुन, विश्राम, अशोक और संतोष सहित पांच पुत्रों की माता थीं।

### परदेसी राम वर्मा



**हिरमी-रावन।** ग्राम मोहरा निवासी वरिष्ठ नागरिक 93 वर्षीय परदेसी राम वर्मा का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मोहरा के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर अंतिम विदाई दी। वे रुकुम लाल वर्मा, प्यारेलाल वर्मा एवं निरंजन वर्मा के पिता थे। ग्रामीणों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# संयंत्र ने तीन तालाब के गहरीकरण के लिए भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

## गहरीकरण होने से तालाबों की जल धारण की क्षमता भी बढ़ेगी

जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेन्ट संयंत्र द्वारा में सेम्हराडीह, ढनढनी एवं करमनडीह के मुख्य बड़े तालाबों के गहरीकरण के लिए भुमिपूजन किया गया एवं गहरीकरणका कार्य प्रारंभ किया गया। इन तालाबों में गहरीकरण कार्य होने से सेम्हराडीह तालाब में कुल 50000 किलो लीटर जल धारण क्षमता निर्मित हुई है व करमनडीह में 6400 किलो लीटर व ढनढनी में 1500 किलो लीटर की जल धारण की अतिरिक्त क्षमता निर्मित हुई है। संयंत्र द्वारा पिछले वर्ष इन तलाबों में करमनडीह 1250 स्क्वायर मीटर, सरकीपार 450 स्क्वायर मीटर एवं सेम्हराडीह 2250 स्क्वायर मीटर पिचिंग कार्य के होने से जहां एक ओर पार मजबूत हुआ है वहीं उसका मृदा कटाव भी रूकेगा, जिससे तालाब में जल स्तर लंबे समय तक बना रहेगा व स्वच्छता भी बनी रहेगी।

गांव के अधिकतर जनसंख्या तालाब में निस्तारी के लिए उपयोग करते हैं। ग्राम के इन तालाबों की गहराई कम होने से तालाब जल्दी सूख जाता था। अब तालाबों का गहरीकरण होने से तालाबों की जल धारण की क्षमता भी बढ़ेगी। इस तालाब में पानी इकट्ठा होने से निस्तारी के अलावा पशु तथा आकस्मिक समय में सिंचाई को भी सुनिश्चित करने में सहयोग मिलेगा।



### वाटर रिचार्ज की गति बढ़ेगी

पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने तालाबों के गहरीकरण कार्य पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहा की इस कार्य से तालाबों में काफी समय तक पानी रूका रहेगा। तालाबों का गहरीकरण होने से पानी संचय के साथ साथ वाटर रिचार्ज की गति भी बढ़ेगी। पंचायत तथा ग्रामीणों के आवेदन पर सीएसआर द्वारा कराये जा रहे कार्य के प्रति पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया व अल्ट्राटेक संयंत्र को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**पहल : 5 कन्याओं के कन्यादान के लिए विधायक इन्द्र साव ने दिया सहयोग**

# कन्या दान से बढ़कर दूसरा पुण्य कार्य नहीं : विधायक इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पंजीकृत यूएमसीए फाउंडेशन, जीवन दान ग्रुप द्वारा संचालित संस्था के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने संस्था द्वारा किए जाने वाले आयोजनों कार्यक्रमों की ना केवल प्रशंसा की बल्कि संस्था के कन्यादान योजना के लिए 5 कन्याओं के कन्यादान के लिए अपना नाम रजिस्टर्ड कराते हुए उन्हें सहयोग राशि प्रदान की। विदित हो कि यूएमसीए फाउंडेशन संस्था लोगों की सेवा सहयोग के लिए तथा गम्भीर बीमारी या प्राकृतिक आपदा के तहत इमरजेंसी सहयोग के लिए बनी है।कार्यक्रम के अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि कन्यादान जैसा दान ना तो पहले कभी था और ना ही कभी होगा। प्रत्येक पुरुष को अपने जीवन में कन्यादान करना चाहिए। आज हमारा समाज पुरुष प्रधान समाज बनता जा रहा है, वंश वृद्धि के लिए बेटे का जन्म लेना भले ही जरूरी है, लेकिन बेटियां ना होगी, तो वंश वृद्धि कैसे होगी। साहू छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में विधायक साव ने कहा कि जिनके परिवार में बेटियां नहीं है उन्हें अपने जीवन में एक बार किसी गरीब, बेसहारा कन्या का कन्यादान जरूर करना चाहिए, अगर उन्हें कन्यादान करने में कोई व्यावहारिक दिक्कत हो तो उन्हें जीवन दान ग्रुप के यूएमसीए फाउंडेशन जैसी संस्था से जुड़कर रचनात्मक सहयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर यूएमसीए फाउंडेशन संस्था से जुड़े लोगों ने बताया कि संस्था के बैनरतले पौधारोपण, रक्तदान कैंम्प, बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना सहित कई समाज सेवा के कार्य कर व्यक्ति जीवन में संतुष्टि पा सकता है तथा यह संस्था लोगों की सेवा सहयोग के लिए बनी है। गंभीर बीमारी या प्राकृतिक आपदा के तहत इमरजेंसी डोनेशन की सुविधा, कन्यादान योजना महिलाओं के लिए रोजगार सहित अन्य कई योजनाएं संस्था द्वारा संचालित की जा रही है। गरीब व जरूरतमंदों की सहायता करना ही संस्था का प्रमुख उद्देश्य है।



### उचित व्यक्ति को दान देना एक पुण्य का कार्य है

उन्होंने कहा कि इंसान को अपनी आमदनी आय का कुछ हिस्सा दान पुण्य वाले कार्यों में अवश्य लगाना चाहिए, क्योंकि दान देने से इंसान के अंदर का लालच समाप्त हो जाता है और उचित व्यक्ति को दान देना एक बहुत ही पुण्य का कार्य है, इससे मन को शांति एवं आंतरिक खुशी मिलती है। दान करने वाला अपने पूरे जीवन में खुश और समृद्ध रहता है। किसी गरीब व जरूरतमंद को दान करने से हो सकता है, उसकी दुआ आपके जीवन में खुशहाली ला दे। इसके पूर्व विधायक साव के कार्यक्रम में पहुंचने पर संस्था के स्टेट कोऑर्डिनेटर, डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर सहित अन्य पदाधिकारियो ने पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया।

# नगर पंचायत में हुई शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत के वार्ड 15 में एक शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन पार्षद राकेश देवांगन की पहल और नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रोच्चारण और पं. चंदन प्रसाद शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना से हुई। प्राण प्रतिष्ठा की विधिवत प्रक्रिया के पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। पार्षद राकेश देवांगन ने कहा, /"यह शिवलिंग न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे वार्डवासियों को एकता और सांस्कृतिक जागरूकता की भावना से जोड़ता है। मैं सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को हमारी परंपराओं से जोड़ते हैं।

### ईल्दा में ग्राम प्रमुख के साथ बच्चों ने लगाये पौधे



**ख़रोरा।** ग्राम पंचायत ईल्दा में पर्यावरण दिवस पर ग्राम प्रमुख खिलेश साहू और बच्चों ने पौधा रोपण किया। इस अभियान में बालक बालिकाओं द्वारा प्रत्येक वर्ष दस-दस पौधे रोपण करने की शपथ और उनकी देख रेख की प्रतिज्ञा ली। इसके लिए ग्राम के मुखिया ने सभी बच्चों व पालको को धन्यवाद दिया।

# मोबाइल ऐप डेवलपमेंट समर कैंप में शामिल हुए भरत देवांगन स्कूल के छात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्रों ने रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित चार दिवसीय मोबाइल ऐप डेवलपमेंट समर कैंप में भाग लिया। यह कैंप छत्तीसगढ़ विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा संचालित किया गया।

इस कैंप का उद्देश्य छात्रों को मोबाइल ऐप डेवलपमेंट के मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराना था, जिसमें उन्हें आधुनिक टूल्स और प्लेटफॉर्म्स का उपयोग सिखाया गया। इस कैंप के लिए चयनित छात्र थे – माया देवांगन, लखेश्वरी वर्मा, भाविका साहू, दीप्ति धीवर और पंकज देवांगन। उनके इस सहभागिता को प्राचार्य रजनी मिंज तथा व्याख्याताओं का सहयोग प्राप्त हुआ। भौतिक विज्ञान की व्याख्याता पारुल पांडेय भी छात्रों के साथ उपस्थित रहीं।

# परगिया कुर्मी समाज का शपथ ग्रहण 9 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

परगिया कुर्मी समाज के पदाधिकारी का 9 जून को बलौदा बाजार भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज की बैठक हुई, जिसमें समाज के समाजिक पदाधिकारी व सभी सामाजिक सदस्यों ने राम दरबार में पूजा अर्चना की और शिवाजी महाराज की पूजा कर नवनिर्वाचित पदाधिकारी के समक्ष 20 कार्यकारिणी व 5 सलाहकार का चयन किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी उक्त तिथि में शपथ ग्रहण करेंगे। इस दौरान महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी होगीख, जिसमें उपस्थित छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, सह सचिव नंदराम वर्मा, लोकपाल धरमलाल वर्मा, परस वर्मा, परमानंद वर्मा, रघुराम वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष केशव प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष रूद्र शंकर वर्मा मौजूद थे।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के ग्रामीण अध्यक्ष बने जनक



**सिमगा।** विकासखंड के ग्राम लांजा निवासी पूर्व सरपंच जनक लाल जोशी को सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी विचार मंच की शाखा राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम का ग्राम अध्यक्ष लांजा पद पर नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर जोशी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों एवं विचारों को पूरी निष्ठा से अपने कार्य क्षेत्र में प्रचार प्रसार करेंगे।

# नगर में शुरू हुई आचारी आम की बिक्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में बरसात से पहले गुरुवार सुबह 11 बजे से देर शाम तक जिले का सबसे बड़ा कच्चे आम की बिक्री गुरुवार बाजार खरोरा में हुई, जहां दूर-दूर से ही आचारी आम की खरीदी के लिए लोग पहुंचे। बरसात शुरू होने के बाद आम पकने लगता है और वह आचार बनाने योग्य नहीं होता। इन दिनों अंचल में कच्चे आम की डिमांड बढ़ी है, क्योंकि मानसून आने वाला है। मानसून के पहले लोगों को आचार के लिए कच्चे आम की डिमांड रहती है। हाल के दिनों में अचानक से बारिश होने से आम की पैदावार अच्छी नहीं हुई है। आम व्यापारी का कहना है कि वे मंडला, डिंडोरी से कच्चे आम की खेप लेकर बाजार में 100 रुपए में 4 किलो तथा लेकर 700 रुपए प्रति सैकड़ा के भाव में अलग अलग किस्म की आम बिक रहा है। जिनकी लोगों द्वारा जमकर खरीदी की जा रही है।

विदित हो कि आसपास के ग्रामीण अंचलों से खरोरा में आम की बिक्री बहुतायत में होती है। आम का आचार बनाने में मुश्किल कार्य आम की कटिंग करना और उसकी सफाई करना। आम विक्रेताओं सहित कुछ अन्य लोगों ने इस काम को आसान बनाने के लिए आम की कटिंग के लिए अलग से आदमी को नियुक्त है जो प्रति सैकड़ा के हिसाब से आम की कटिंग कर अपनी कमाई करता है। कुल मिलाकर इन दिनों खरोरा बाजार में आचारी आम की पूछ परख बढ़ी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
08 जून दिन रविवार, समय : सुबह 10:00 से 5 बजे
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में मेन रोड, बलौदाबाजार
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान

L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट

Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर